SW SOUTHWESTERN Public Health
Oxford • Elgin • St.Thomas

**St. Thomas Site**
1230 Talbot Street
St. Thomas N5P 1G9
519-631-9900

**Woodstock Site**
410 Buller Street
Woodstock N4S 4N2
519-421-9901

**1-800-922-0096 | www.swpublichealth.ca**



# ऑपरेटरों के लिए मार्गदर्शन: वैक्सिंग, शुगरिंग और थ्रेडिंग

## स्वास्थ्य संबंधी चिंता

बालों को हटाने से त्वचा खराब हो सकती है और म्यूकस मेंबरेन (श्लेष्म झिल्ली) के संपर्क में आने का जोखिम बढ़ सकता है, जिससे संक्रमण का जोखिम बढ़ सकता है। संक्रमण बैक्टेरियल, फंगल या वायरल हो सकता है। **आपको संक्रमण के संचारण के लिए औज़ारों पर रक्त या बॉडी फ्लुइड्स** (शरीर के द्रव्य तत्वों) **को देखने की ज़रूरत नहीं है।**

## वैधानिक आवश्यकताएँ

व्यक्तिगत सेवा सेटिंग्स (Personal Service Settings) (PSS) को *ओंटारियो विनियमन 136/18 : व्यक्तिगत सेवा सेटिंग (Ontario Regulation 136/18: Personal Service Settings) के अनुपालन में परिचालन करना आवश्यक है।*

PSS के ऑपरेटरों और कर्मचारियों को संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण अभ्यासों के बारे में अधिक जानने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य ओंटारियो से *व्यक्तिगत सेवा सेटिंग्स में संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए गाइड* की समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो PSS में संक्रमण के संचारण के जोखिम को कम करते हैं।

## ऑपरेटर स्वास्थ्य और सुरक्षा

- सेवाएँ प्रदान करने से पहले हाथों को धोएँ।
- वैक्सिंग और शुगरिंग के लिए दस्ताने पहनने चाहिए। दस्ताने को पहनने से पहले और उतारने के बाद हाथ धोना चाहिए।
- सेवा के दौरान खाना, पीना या धूम्रपान न करें।
- ऑपरेटर को अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता अपनानी चाहिए।

## त्वचा को लेकर तैयार

- जिन ग्राहकों को काम किए जा रहे क्षेत्र के 6 इंच के भीतर चोट, घाव, चकत्ते या दृश्यमान त्वचा संक्रमण है, उन्हें सेवा प्रदान न करें।
- व्यक्तिगत सेवा प्रदाताओं को ग्राहकों को मुँहासे-रोधी दवा लेते समय वैक्सिंग के जोखिमों के बारे में सूचित करना चाहिए, क्योंकि इससे त्वचा को नुकसान पहुँच सकता है और संभावित रूप से एपिडर्मिस (त्वचा की ऊपरी परत) हटा सकती है, जिस के कारण कर संक्रमण का जोखिम बढ़ सकता है।
- वैक्सिंग आरंभ करने से पहले, त्वचा पर एंटीसेप्टिक लगाएं। यदि क्षेत्र में गंदगी दिखे तो पहले उसे साफ करने के लिए साबुन और पानी का उपयोग करें। त्वचा एंटीसेप्टिक्स में शामिल हैं, जो कि केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:
  - पोवीडोन-आयोडीन सॉल्यूशन (घोल)
  - आइसोप्रोपाइल एल्कोहल (50 – 91%)
  - इथाइल एल्कोहल (60 – 95%)
- यदि लागू हो, तो त्वचा एंटीसेप्टिक लगाने के बाद एक प्रासंगिक स्थानीय एनेस्थेटिक का उपयोग किया जा सकता है।

## औज़ार और उपकरण

- प्रत्येक ग्राहक के लिए वैक्सिंग टेबल/बेड पर ताजा सिंगल यूज़ (केवल एक बार उपयोज्य) पेपर लाइनर या साफ लिनेन रखा जाना चाहिए।
- सभी उत्पादों (जैसे, वैक्स, शुगर, थ्रेड, आदि) को इस तरीके से काटा जाना चाहिए कि बाकी बचा भाग दूषित न हो।
  - सिंगल-यूज़ एप्लिकेटर को केवल एक बार वैक्स में डुबोया जाता है और फिर त्वचा पर लगाने के बाद फेंक दिया जाता है। **दोबारा ना डुबोएँ!**
- उपकरण और औज़ार जिन्हें ग्राहकों के बीच ठीक से साफ और डिसइन्फेक्ट (कीटाणुरहित) नहीं किया जा सकता है, वे सिंगल यूज़ किए जाने चाहिए।
  - सिंगल यूज़ चीज़ों के उदाहरण हैं:
    - आइब्रो-थ्रेडिंग थ्रेड
    - रोल-ऑन वैक्स कार्ट्रिजेज़
    - सिंगल-यूज़ पीपीई
    - स्वाब/एप्लीकेटर्स
    - वैक्सिंग स्टिक और स्ट्रिप
  - रोलर-हेड वैक्स एप्लिकेटर कार्ट्रिज सिंगल-यूज़ होते हैं और इन्हें प्रत्येक ग्राहक के बाद बाहर फेंक देना चाहिए। प्रत्येक ग्राहक के उपयोग के बाद, रोलर हेड को साफ किया जाना चाहिए और फिर एक मध्यम स्तर के कीटाणुशोधक का उपयोग करके डिसइन्फेक्ट किया जाना चाहिए।
- सभी रीयूज़ेबल (पुनः उपयोज्य) औज़ारों को उपयोग से पहले साफ और स्टेरिलाइज़ किया जाना चाहिए।

## सफाई और कीटाणुशोधन

### सफाई

- सभी औज़ार, उपकरण और सतहें जिन्हें सफाई और कीटाणुशोधन की आवश्यकता होती है, उन्हें **ज़रूरी रूप से** पहले पूरी तरह से अलगा दिया जाना चाहिए। फिर वस्तुओं को साबुन या डिटर्जेंट के साथ गर्म पानी में साफ करना चाहिए।
- प्रत्येक उपयोग के बाद सभी लिनेन को अवश्य धोना चाहिए और इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध होनी चाहिए।
- दीवारों, फर्शों, छतों और सतहों की नियमित सफाई की जानी चाहिए।

### कीटाणुशोधन

कीटाणुशोधन से जुड़े सारे काम प्रतिदिन नए सिरे से या निर्माता के निर्देशों के अनुसार किए जाने चाहिए। सभी कीटाणुशोधकों के पास हेल्थ कनाडा द्वारा जारी एक दवा पहचान संख्या (drug identification number (DIN)) या एक प्राकृतिक उत्पाद संख्या (natural product number (NPN)) होनी चाहिए।

| स्तर | कब इस्तेमाल करें | उदाहरण |
|---|---|---|
| निम्न स्तर | उपकरण और औज़ार या आइटम जो सीधे ग्राहक से संपर्क नहीं करते हैं या केवल बालों या इंटैक्ट (कार्य-स्थल से बाहर की) त्वचा से संपर्क करते हैं। | • कुर्सियां<br>• टेबलबेड |
| मध्यम स्तर | औजार, उपकरण, या आइटम्स जिनका उद्देश्य केवल इंटैक्ट त्वचा से संपर्क करना है, लेकिन जो गलती से गैर-इंटैक्ट त्वचा या म्यूकस मेंबरेंस (श्लेष्म झिल्ली) के संपर्क में आ सकते हैं या त्वचा में प्रवेश कर सकते हैं। | • हेयर फॉलिकल से बाल हटाने के लिए चिमटी का उपयोग किया जाता है<br>• वैक्स रोलर्स के लिए कार्ट्रिज हेड आदि। |
| उच्च स्तर | कोई भी सतह, औजार या उपकरण जो रक्त के संपर्क में आ सकते हैं। | • अंतर्वर्धित बालों को उजागर करने के लिए उपयोग की जाने वाली चिमटी |

स्वीकृत कीटाणुशोधकों और संपर्क समय की जानकारी के लिए कीटाणुशोधन चार्ट देखें।

## वेस्ट डिस्पोज़ल (अपशिष्ट निपटान)

- जिस वेस्ट पर रक्त और/या बॉडी फ्लुइड (शरीर के द्रव्य तत्व) लगे होः उसे लीक-प्रूफ बैग में फेंकें।
- उपयोग के बाद सिंगल-यूज़ उपकरणों और औजारों को बाहर फेंक दें। सिंगल-यूज़ शार्प को एक स्वीकृत शार्प कंटेनर में फेंक दिया जाना चाहिए जो कैनडा स्टैंडर्ड्स एसोसिएशन के मानकों को पूरा करता हो।
- जब सामग्री कंटेनर पर फिल लाइन मार्क तक पहुंच जाए या तीन-चौथाई भर जाए तो शार्प कंटेनरों को सील कर दिया और बदल दिया जाना चाहिए।

## रिकॉर्ड रखना

### ग्राहकों के रिकॉर्ड

- व्यक्तिगत सेवा प्रदान करने से पहले, PSS ऑपरेटर को ग्राहक का नाम और संपर्क जानकारी प्राप्त करनी होगी और उसे रिकॉर्ड करना होगा।

### उच्च स्तर के कीटाणुशोधक

- यदि उच्च स्तर कीटाणुशोधकों का उपयोग किया जाता है, तो PSS को **कीटाणुशोधन रिकॉर्ड लॉग** में उल्लिखित जानकारी दर्ज करने की आवश्यकता होती है।

### आकस्मिक रक्त या बॉडी फ्लुइड संपर्क

- PSS के लिए सभी आकस्मिक रक्त या बॉडी फ्लुइड संपर्क को रिकॉर्ड करना आवश्यक है। रिकॉर्ड्स में **आकस्मिक ब्लड एक्सपोज़र लॉग** में उल्लिखित जानकारी शामिल होनी चाहिए।

### रिकॉर्ड रखवाली

- रिकॉर्ड्स को एक साल तक ऑन-साइट रखा जाना चाहिए। पहले साल के बाद, रिकॉर्ड को कम से कम दो सालों तक सुरक्षित जगह पर संभाल के रखा जाना चाहिए और आसानी से उपलब्ध रखा जाना चाहिए।

## सवाल?

यदि आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया अपने क्षेत्र के Public Health Inspector (सार्वजनिक स्वास्थ्य निरीक्षक) से 1-800-922-0096 पर संपर्क करें।